महत्वपूर्ण एवं खास

बालिका लापता, रिर्पोट दर्ज

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना तमनार में दिनांक 08.12.2019 को 13 वर्ष 9 माह की लड़की के लापता हो जाने की रिपोर्ट उसके परिजनों द्वारा दर्ज कराया गया है। बालिका के परिजनों ने बताया कि दिनांक 06.12.2019 के शाम 4:00 बजे बालिका गांव में लक्ष्मी पूजा मेला देखने घर से निकली थी जो शाम तक वापस नहीं आई परिजनों को शंका है कि इनकी बालिका को किसी व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर कहीं ले गए हैं , रिपोर्ट पर थाना तमनार में अपराध क्रमांक 262/19 धारा 363 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

दम्पति से लूट के 4 आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

भिलाई (आरएनएस)। दुपहिया वाहन से अपने रिश्तेदार के घर लिमतरा से जामुल आ रहे दम्पति लूट के शिकार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार यतीन्द्र अपनी पत्नी हेमतला व पुत्र के साथ चेटुवा मोड़ पर पहुंचे थे कि अज्ञात आरोपियों ने डंडे एवं राड से मारपीट करने लगे। उनसे 1700 नगद, आवश्यक कागजात और सोने के जेवरात लूट लिए। पुलिस के अनुसार आरोपियों नितिन, हितेश, सूरज, रूपेश और नवनीत को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया।

रात्रि गश्त में पकड़ाए चीतल मारने वाले आरोपी

रायपुर (आरएनएस)। वन विभाग के गठित टीम द्वारा रात्रि गश्त के दौरान सात दिसम्बर को मध्य रात्रि बारनवापारा तथा देवपुर परिक्षेत्र के अंतर्गत चीतल मारने वाले आरोपियों में से एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया। इसमें तीन अन्य सहयोगी आरोपी फरार है, जिसमें से एक वन विकास निगम का कर्मचारी जावेद फारूकी भी संलिप्त है। फरार अपराधियों की तलाश की जा रही है। मौके पर पकड़े गए आरोपी नरेन्द्र पटेल को न्यायालय में प्रस्तुत कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। सहायक प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरूण पाण्डेय ने बताया कि सात दिसम्बर की रात्रि एक वाहन कार क्रमांक-सी.जी.-06 जी.पी. 8910 संदिग्ध अवस्था में हरदी बीट के समीप बार से पकरीद मार्ग में देखा गया। रात्रि गश्त के दल द्वारा इसका परीक्षण करने पर दो मृत चीतल को कार की डिक्की में मारकर रखना पाया गया। इसके अलावा एक नर चीतल घटना स्थल पर मृत पाया गया। इसे जब्त कर वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। रात्रि गश्त के दल में बारनवापारा तथा देवपुर वन परिक्षेत्रों के अधिकारी एवं कर्मचारियों आर.एस. मिश्रा, कृषाणु चन्द्राकर, पी.के. सिन्हा, मो. माबिया खान, सालिक राम डड़सेना आदि का आरोपी को पकड़ने में सक्रिय सहयोग रहा।

शादी करने के लिये पूर्व परिचित ने युवती को किया परेशान,मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। पूर्व परिचित से बात नही करने पर आरोपी ने युवती को गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी दिया। घटना की रिपोर्ट खम्हारडीह थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार पार्वती नगर खम्हारडीह निवासी कुमारी विधूरी 23 वर्ष पिता सीदे महानेद ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थिया को पूर्व परिचित विष्णु ताण्डी निवासी भावना नगर से पिछले 2011 से परिचय था उसके आदत में बदलाव आने चलते बातचीत बंद कर दिया। आरोपी लगातार शादी करने के लिये दबाव बना रहा था । इससे तंग आकर प्रार्थिया ने बातचीत करना बंद कर देने से आरोपी गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने जा रहे कार सवार को ट्रक ने मारी ठोकर,कार हुई क्षतिग्रस्त

रायपुर (आरएनएस)। पिकनिक मनाने जा रहे कार सवार को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दिया जिसके चलते कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की रिपोर्ट धरसींवा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार निवासी पुजारी स्कूल के सामने राजा तालराब थाना सिविललाईन भरत कोसरिया 38 वर्ष पिता संतराम कोसरिया ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि ने 07 दिसंबर को प्रार्थी का जीजा हिमांशु चक्रवती की आर्टिका कार से अपने दोस्त मुकेश साहू, जय बघेल के साथ कार से पिकनिक मनाने जाते रायपुर से अंबिकापुर जा रहे थे जैसे ही धनेली पुलिया, धरसीवां रायपुर के पास ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीएच 9199 के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार से टक्कर मार दिया।

26 वर्षीय महिला की हत्या अज्ञात आरोपी पर जुर्म दर्ज

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना प्रभारी भूपदेवपुर को दिनांक 05.12.19 को ग्राम कोटवार देवरी के मोहर दास महंत के द्वारा मोबाईल से सूचना दिया गया कि गांव के नकाईन मुडा तालाब के पास नाली झाड़ियों के बीच गंगोत्री बाई बघेल का लाश पड़ा है, सूचना पर थाना प्रभारी भूपदेवपुर द्वारा मौके पर जाकर तस्दीक किया गया। मृतिका गंगोत्री बघेल पति मनोहर बघेल उम्र 26 वर्ष का शव निर्वस्त्र हालत में पानी निकासी हेतु बना सिमेंटेड निकासी नाली के अंदर झाडियों के बीच में संदिग्ध हालत में मिला।

घटना के संबंध में मर्ग क्रमांक 31/19 धारा 174 जा0फौ0 कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही बाद मृतिका के शव को पी0एम0 हेतु के 0जी0एच0 रायगढ़ रवाना किया गया था। दिनांक 07.12.19 को शव का पी0एम0 रिपोर्ट प्राप्त किया गया है, रिपोर्ट पर मृतिका की मृत्यु सिर, शरीर में अंदरूनी गंभीर चोंट आने से मृत्यु होना लेख किया गया है। मर्ग जांच पर कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा मृतिका को किसी ठोस वस्तु से सिर, शरीर में संघातिक चोंट पहुंचाकर हत्या कर साक्ष्य छुपाने के नियत से मृतिका के शव को पानी निकासी सिमेंटेड नाली झाडी के नीचे छिपाना पाया गया। घटना के संबंध में थाना भूपदेवपुर में अपराध क्रमांक 198/19 धारा 302, 201, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

नगरपालिका आम निर्वाचन 2019 के लिए 11 हजार 640 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र विधि मान्य पाये गये

» 84 अभ्यर्थियों के पर्चे खारिज

रायपुर (आरएनएस)। नगरपालिका आम निर्वाचन 2019 के लिए राज्य में 11 हजार 640 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र विधि मान्य पाये गये हैं। नाम निर्देशन पत्रों की जांच के बाद अब रायपुर में सबसे ज्यादा 1081 अभ्यर्थी मैदान में है। नाम निर्देशन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 9 दिसम्बर है।

9 दिसम्बर को ही निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची जारी होगी और उन्हें रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों की जांच के बाद रायपुर 1081, बिलासपुर जिले में 877, मुंगेली जिले में 249, जांजगीर-चांपा में 1031, कोरबा में 664, रायगढ़ में 674, सूरजपुर में 269, बलरामपुर में 247, सरगुजा में 263, कोरिया में 486, जशपुर में 267, बलौदाबाजार में 638, गरियाबंद में 262, महासमुंद में 430, धमतरी में 445, बेमेतरा में 353, दुर्ग में 697, बालोद में 496, राजनांदगांव में 622, कबीरधाम में 377, कोण्डागांव में 190, बस्तर में 246, नारायणपुर में 53, कांकेर जिले में 281, दन्तेवाड़ा में 299, सुकमा में 90 और बीजापुर में 53 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र विधि मान्य पाये गये हैं।

होटल व्यवसायी के बेटे का अपहरण

» मोटरसायकल सवार दो लोगों ने किया अपहरण

राजनंदगांव (आरएनएस)। राजनांदगाँव में एक होटल व्यवसायी के 8 साल के बच्चे के अपहरण का मामला सामने आया है। रविवार को मोटर सायकल पर सवार दो युवकों ने खंडेलवाल कॉलोनी से बच्चे का अपहरण किया है। फिलहाल मामलें मे पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगाँव के होटल व्यवसायी विनोद लुल्ला का 8 साल का बेटा नितिक लुल्ला रविवार शाम लगभग पौने छह बजे खंडेलवाल कॉलोनी स्थित अपने निवास के बाहर खेल रहा था इसी दौरान दो बाईक सवार युवक वहां पहुंचे और घर के सामने खेल रहे नितिक लुल्ला को उठाकर भाग खड़े हुए हैं। इस घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही उप पुलिस महानिरीक्षक रतन लाल डांगी, वरि.पुलिस अधीक्षक बी.एस.ध्रुव, अति.पुलिस अधीक्षक शहर यू.बी.एस.चौहान, सीएसपी राजनांदगाँव श्यामसुंदर शर्मा, कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक विरेन्द्र चुतर्वेदी पुलिस टीम के साथ

घटना स्थल पर पहुँचकर मामले की विवेचना की तथा शहर में चारों ओर नाकाबंदी कर दी गई है। आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फु टेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार जिस मोटरसायकल मे बच्चे का अपहरण किय गया है उसका साईलेन्सर फ टा हुआ है जो बहुत आवाज कर रहा था। मोटरसायकल सवार दोनों आरोपी दुबले पतले है तथा फूल अस्तीन का शर्ट एवं ग्रे कलर का पैन्ट पहने हुए हैं साथ ही मुँह में रूमाल बांधे हुए थे। फिलहाल मामलें में पुलिस ने नाकेबंदी कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

आदिवासी समाज के जीवन और उनके संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा के लिये अनेक बड़े फैसले - मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

» ग्राम रायकेरा की विशेष पिछड़ी जनजाति ने सुना लोकवाणी » कहा-मुख्यमंत्री के बात हमन ल अब्बड़ मीठ लागिस

न्याय साक्षी/रायगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो वार्ता %लोकवाणी' को आज घरघोड़ा विकासखण्ड के पहाड़ के किनारे बसे ग्राम रायकेरा की विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर ने खुशी पूर्वक सुना। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि शासन ने आदिवासी समाज के जीवन और उनके संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा के लिये अनेक बड़े फैसले लिये हैं। इसके लिये आदिवासी अंचलों में अच्छी शिक्षा, सेहत और रोजगार के अवसरों का सेतु बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण 2500 रूपये से बढ़ाकर 4 हजार रूपये प्रति मानक बोरा कर दिया गया है ताकि आम लोगों की आमदनी में सीधी बढोतरी हो जाये। वर्ष 2019 में 15 लाख मानक बोरा से अधिक

तेंदूपत्ता संग्रहण हुआ जिसमें 602 करोड़ रूपये मजदूरी का भुगतान किया गया। उन्होंने कहा कि केन्द्र के नियमों के तहत फिलहाल धान का दाम केन्द्र द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य के समान देना पड़ रहा है। लेकिन इसकी पूरी व्यवस्था की गई है कि 2500 रू. प्रति क्विंटल की दर से पूरी राशि दी जाये।

सरंपच मोमराज राठिया ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आदिवासी उत्थान के लिये जो कार्य किये जा रहे है, वह सराहनीय है। शासन की नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी योजना ग्रामवासियों के लिये बहुत अच्छी है। श्रीमती कौशल्या ने कहा कि हमर मुख्यमंत्री आदिवासी मन बर प्रेम के भाषा बताए हे, तेखर सेती ओखर बात हमन ल अब्बड़ मीठ लागिस। ऐतवार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति में आदिवासी समाज के योगदान के बारे में जो बातें कही वह बहुत अच्छी लगी। जिससे छत्तीसगढ़ की आदिवासी लोककला सब ओर फैलेगी। श्रीमती समारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने तेंदूपत्ता संग्रहण मजदूरी को 2500 से बढ़ाकर 4000 रूपये प्रति मानक बोरा कर दिया है जिसके लिये उनको धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि ग्राम रायकेरा में बिरहोर बस्ती में 2200 बिरहोर परिवार रहते है। उनके लिये जल के लिये बोर की व्यवस्था की गई है, वहीं तालाब एवं पचरी का भी निर्माण किया गया है। गांव में बिजली का कनेकशन एवं सोलर लाइट की भी व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर सचिव मोहम्मद नसीरूद्दीन कादरी, श्रीमती सुकांती सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

पहले सप्ताह में किसानों से 7.11 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

» किसानों को किया गया 700 करोड़ रूपए से अधिक का भुगतान

» खाद्य सचिव ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

रायपुर(आरएनएस)। प्रदेश में एक दिसम्बर 2019 से 06 दिसम्बर 2019 तक पहले ही सप्ताह में एक लाख 73 हजार 491 किसानों से 7 लाख 11 हजार 306 मैट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। धान विक्रय करने वाले एक लाख 26 हजार 897 किसानों को 700 करोड़ रूपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है।

खाद्य विभाग के सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह ने बताया कि प्रदेश के वास्तविक कृषकों से धान खरीदी सुनिश्चित करने के लिए अवैध धान खपाने की कोशिशों पर लगाम कसने की प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही दूसरे प्रदेशों से आने वाले धान पर तथा कोचियों, बिचौलियों पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। 7 दिसम्बर 2019 की स्थिति में कुल 2 हजार 270 प्रकरणों में 2 हजार 138 कोचियों और 132 अंतर्राज्यीय प्रकरणों में 29 हजार 170 टन अवैध धान की जप्ती की गई है, जिसमें 260 वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की गई है। किसी भी किसान के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। सभी प्रकरणों में धान खरीदी के ऐसे प्रकरण जिसमें बिना किसी मंडी लाइसेंस अथवा अन्य दस्तावेज जैसे खरीदी पत्रक नहीं होने पर कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में छोटे व्यापारियों द्वारा वैध तरीके से किसानों से

धान खरीदने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा में की गई घोषणा के अनुरूप एक ही प्रकार के कृषि उपज के संबंध में मंडी अधिनियम के तहत 4 क्विंटल के स्थान पर 10 क्विंटल के संग्रहण की अनुमति छोटे व्यापारियों को दी गई है। प्रदेश में धान खरीदी की अपनी पूरी अवधि 15 फरवरी 2020 तक की जाएगी। धान खरीदी केन्द्रों के क्षमता के अनुसार किसानों को असुविधा से बचाने के लिए टोकन जारी करने की व्यवस्था प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी गई है। यह अफवाह असत्य है कि कोई लिमिट लगाकर किसानों से धान खरीदी की जा रही है। धान की खरीदी के लिए छोटे-बड़े सभी किसानों से उनके पंजीकृत रकबे के अनुसार प्रति एकड़ 15 क्विंटल की दर से धान खरीदी सुनिश्चित की जाएगी एवं धान खरीदी के लिए प्रत्येक किसान को अपनी उपज बेचने का अवसर प्रदान किया जाएगा। प्रदेश में धान खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है। 2500 प्रति क्विंटल की दर से शेष राशि के भुगतान के लिए अन्य राज्यों में प्रचलित योजना का अध्ययन कर पृथक योजना शीघ्र लागू की जाएगी। राज्य शासन द्वारा धान खरीदी के लिए आवश्यक धन राशि तथा बारदानों की व्यवस्था की गई है।

तेज रफ्तार हार्वेस्ट वाहन की चपेट में आने से बाईक सवार की मौत, 304 ए के तहत जुर्म दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। तेज रफ्तार हार्वेस्टर वाहन ने मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को अपनी चपेट में ले लिया । जिसके चलते घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट खरोरा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार बरौंडा फार्म का चौकीदार मिथुल मंडावी 27 वर्ष पिता साधूराम मंडावी कोकपुर कांकेर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि बरौड़ा गेट के पास खरोरा की ओर से रायपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार हार्वेस्टर वाहन क्रमांक सीजी 04 डीबी 9307 के चालक ने शनिवार की रात्रि 8.30 बजे मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को अपनी चपेट में ले लिया। घटना स्थल से कुछ दूर तक हार्वेस्टर में फंसकर व्यक्ति घसीटते रह गया जिसके चलते उसके सिर व शरीर के बाकी हिस्से में गंभीर चोट आने से मौत हो गई । व्यक्ति की जेब की तलाशी लेने पर उसमें मिले आधारकार्ड के अनुसार उसका नाम पुरुषोत्तम साहू पिता फिरंगी साहू निवासी मधईपुरा लिखा हुआ है। हार्वेस्टर चालक का पीछा कर संतोष गिलहरे ने उसका नंबर नोट कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने हार्वेस्टर चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत मर्ग कायम कर अपराध दर्ज कर लिया है।

पसान रेंज में हाथियों का उत्पात जारी

कोरबा (आरएनएस)। शनिवार की रात पसान रेंज के पनगंवा में 30 की संख्या में मौजूद हाथियों के दल ने उत्पात मचाते हुए दो ग्रामीणों के मकान को फिर ढहा दियाए वहीं 16 किसानों की फसल भी तहस.नहस कर दीए जिससे संबंधितों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। इससे पहले मनगांव में हाथियों ने चार लोगों के मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया था। हाथियों के उत्पात से कोरबा और कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत कई ग्रामों के लोग भयभीत है। जानकारी के अनुसार पनगवां में जिस समय हाथियों ने यहां घर ढहायाए उस समय घर में कोई भी उपस्थित नहीं थे। हाथियों के पहुंचने की संभावना को देखते ही पहले ही घरों को खाली करा लिया गया था और सुरक्षित स्थानों पर ठहराया गया था। कोरबा वनमंडल के करतला व कुदमुरा रेंज में 9 हाथियों का अलग दल विचरण कर रहा है। इस दल ने रामपुर में एक व नोनदरहा में दो किसान के खेत को रौंदने के बाद चचिया के रास्ते कुदमुरा पहुंच गया है। हाथियों के दल को आज सुबह यहां के जंगल के कक्ष क्रमांक 1130 में देखा गया। हाथियों ने यहां भी उत्पात मचाते हुए किसानों की फसल को नुकसान किया है। हाथियों के कुदमुरा पहुंचने व फसल रौंदे जाने की सूचना पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंच गया है। तथा नुकसानी का सर्वे करने के साथ ही हाथियों की निगरानी में जुट गया है।

मस्ती की पाठशाला में उठा रहे रायगढ़ की जनता जुम्बा फिटनेस व डांस वर्कशॉप का निःशुल्क लाभ

» मार्निंग वाकर्स सोसायटी और रायगढ़ नृत्य कला संस्थान का अनुकरणीय योगदान

न्याय साक्षी/रायगढ़। रायगढ़ नृत्य कला संस्थान की मस्ती की पाठशाला का निःशुल्क कार्यक्रम का 06 सप्ताह संपन्न हर्षोल्लस के साथ हुआ। जिसे काफी लोगों की सराहना मिल रही है। मस्ती करो और अपना फिटसनेस बनाओ ऐसा कौन नही चाहेगा। रायगढ़ नृत्य कला संस्थान के पूर्व अध्यक्ष हेमन्त महन्त एवं वर्तमान अध्यक्ष विकास राम ने बताया कि हमारे इस अनुकरणीय कार्यक्रम में नये-नये लोग भी जुड़ते जा रहे हैं और हमारा कारवां लम्बा बनता जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रत्येक सप्ताह मार्निंग वाकर्स सोसायटी द्वारा पांच प्राईज भी अलग-अलग वर्गों में दी जाती है, जिसे पाकर भाग लेने वाले बच्चे, युवा एवं महिलाएं उत्साहित हो रहे हैं। हेमंत महन्त ने

बताया कि जुम्बा और नृत्य के माध्यम से सांगीतिक सरल, सहज और इस निःशुल्क कार्यक्रम ने शहर वासियों के दिल में एक अलग छाप छोड़ी है। ज्ञात हो कि यह कार्यक्रम कमला नेहरू उद्यान चक्रधर नगर रायगढ़ में प्रातः 7:00 बजे से 9:00 बजे तक हर रविवार को रायगढ़ नृत्य कला संस्थान के तत्वधान में होता है। रायगढ़ की जानमानी संस्था मार्निंग वाकर्स सोसायटी भी अब इस कार्यक्रम से जुड़ चुकी है जिनके माध्यम से प्राईज भी दी जाती है, सोसायटी के मेम्बर दीपक डोरा ने बताया कि रायगढ़ नृत्य कला संस्थान शुरू से ही बच्चों के लिए शहर में एक अलग तरह से नृत्य के माध्यम से माहौल बनाया है तथा संस्थान द्वारा समय-समय पर भव्य कार्यक्रम कराये जाते हैं जिससे इस कला और संस्कार धानी रायगढ़ की माटी में छिपी कला उभरती जा रही है।

हेमन्त महन्त (हेमन्त आर्ट एकेडमी) व आशीष मानिकपुरी (साईनिंग डांस एण्ड फिटनेस स्टूडियो) द्वारा प्रत्येक रविवार को मस्ती की पाठशाला में जुम्बा डांस फिटनेस का निःशुल्क प्रोग्राम प्रस्तुत किया जा रहा है साथ ही हर सप्ताह एक निःशुल्क डांस वर्कशॉप भी लगाया जा रहा है, इसी कड़ी में बीते रविवार को ब्रजराजनगर उड़ीसा के रैनबो डांस ग्रुप के लीडर अनुप केंवट का अरबन डांस फॉम का वर्कशॉप लगाया जो पूरी तरह से निःशुल्क था। आगामी सप्ताह में मार्निंग वाकर्स सोयायटी और रायगढ़ नृत्य कला संस्थान ने रायगढ़ के हर और खास से अपील की है कि वे भी मस्ती की पाठशाला में जरूर आयें और भाग लें।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480